Andhra Pradesh	Maharashtra
13. Nalgonda	13. Kalanapur
14 Nellore	14. Latur
15 Nizamabad	15. Nagpur
16. Prakasam	16. Nanded
17. Rangareddy	17. Nasik
18. Srikakulam	18. Osmanabad
19. Vishakhapatnam	19. Prabhani
20. Viziyanagaram	20. Pune
21. Warangal	21. Raigad
22. West Godavari	22. Ratnagiri
	23. Sangli
	24. Satarar
	25. Sindhudurg
	26. Solapur
	27. Thane
	28. Wardha
	29. Yavatmal

लोक कार्यक्रम तथा ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास परिषद) सी० ए० पी० ए० आर० टी.) द्वारा गैर सरकारी संगठनों को धन दिया जाना

8288. **श्री बसन्त कुमार दास :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लोक कार्यक्रम तथा ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास परिषद (सी. ए. पी. ए. आर. टी.) द्वारा गैर सरकारी संगठनों को धनराशि उपलब्ध कराने के लिए, क्या मूल दिशा निर्देश निर्धारित किए गए हैं;

(ख) उड़ीसा राज्य में वर्ष 1992–93 1993–94, और 1994–95 के दौरान कौन-कौन से गैर सरकारी संगठनों को सी. ए. पी. ए. आर. टी. सहायता प्राप्त हुई है ; और

(ग) इसका जिलावार अलग-अलग ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसी धनराशियों के इस्तेमाल पर निगरानी करने का क्या तरीका अपनाया गया है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई पटेल) : (क) कार्पोरेट, ऐसे स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता मुहैया कराता हैं जिनका सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 अथवा राज्य के तत्संबंधी अधिनियम अथवा भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत पंजीकृत न्यास अथवा धर्मार्थ और धार्मिक न्यास अधिनियम 1920 के अंतर्गत पंजीकरण हुआ हो और पंजीकरण के बाद

उनके पास कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो ।

(ख) और (ग) कापार्ट द्वारा 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान उड़ीसा में स्वैच्छिक एजेंसियों की स्वीकृत परियोजनाओं, सहायता प्राप्त स्वैच्छिक एजेंसियों, स्वीकृत धनराशि और रिलीज की गई धनराशि के जिलावार ब्यौरे इसमें वाले ब्यौरे विवरण-I, विवरण-II और विवरण-III के रूप मे संलग्न किये गए हैं (नीचे देखिये) ।

(घ) कापार्ट की अपनी एक परियोजना निगरानी प्रणाली है । इसने विभिन्न अनुभवी व्यक्तियों को निगरानीकर्ताओं के रूप में पैनल बनाया हुआ है । परियोजना के अनुमोदन के पश्चात् निधियां उपयुक्त किस्तों में रिलीज की जाती हैं । स्वैच्छिक एजेंसी को स्वीकृत परियोजना के कार्यान्वयन में की प्रगति की तिमाही/छमाही रिपोर्ट एक निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत करनी होती है । प्रगति रिपोर्ट के मिलने पर, अति आवश्यक समझा जाता है तो उसे निगरानी हेतु नामित निगरानीकर्ता के पास भेजा जाता है । यदि परियोजना के क्रियान्वयन में किन्हीं कमियों का चलता है तो स्वयंसेवी एजेंसी को उन्हें सुधारने के लिए उचित सलाह दी जाती है । परियोजना के पूरा हो जाने पर एजेंसी एक अंतिम प्रगति रिपोर्ट, लेखा परीक्षित लेखों का विवरण और उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करती है ।

विवरण-I

उड़ीसा में कापार्ट द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं का जिलेवार ब्यौरा 1992-93

(लाख रुपये में)

क्रमांक	जिला	परियोजनाओं की संख्या	एजेंसियों की संख्या	मंजूर की गई राशि	रिलीज की गई राशि
1.	ढेंकानाल	27	21	51.74	41.16
2.	भुवनेश्वर	5	4	10.57	5.51
3.	पुरी	22	18	37.49	27.39
4.	कटक	11	8	28.96	26.86
5.	बालासोर	1	1	1.42	0.68
6.	गंजम	11	3	48.94	36.42
7.	कालाहांडी	1	1	0.28	0.28
8.	क्योंझर	2	2	0.55	0.33
9.	कोरापुट	3	2	10.01	8.57
10.	मयूरभंज	2	2	5.55	0.86

1	2	3	4	5	6
11.	फूलबनी . .	2	2	3.27	3.27
12.	संभलपुर . .	4	3	6.62	6.62
13.	सुंदरगढ़ . .	1	1	0.33	0.33
	कुल :	92	68	205.73	158.28

विवरण–II

उड़ीसा में काफार्ट द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं के जिलेवार ब्यौरा 1993–94

(रुपये लाख में)

क्रमांक	जिला	परियोजनाओं की संख्या	एजेंसियों की संख्या	मंजूर की गई राशि	रिलीज की गई राशि
1.	ढेंकानाल . .	26	23	70.31	65.69
2.	भुवनेश्वर . .	5	5	13.70	12.20
3.	पुरी . . .	21	18	55.07	42.62
4.	कटक . . .	10	8	23.20	20.97
5.	बालासौर . .	3	3	21.79	19.18
6.	बोलनगीर . .	1	1	0.28	0.28
7.	गंजम . . .	3	3	20.31	39.59
8.	कालाहांडी . .	8	8	10.09	9.36
9.	कोरापुट . .	2	2	2.00	7.09
10.	मयूरभंज . .	3	3	3.90	2.43
11.	फूलबनी . .	1	1	30.02	13.64
12.	संभलपुर . .	5	3	26.54	11.44
13.	केन्द्रपाड़ा . .	1	1	1.01	0.63
14.	गजपती . .	1	1	1.01	0.00
	कुल:	90	80	279.23	245.12

विवरण–III

उड़ीसा में आयोग द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं का जिलेवार ब्योरा 1994-95

(लाख रुपये में)

क्रमांक	जिला	परियोजनाओं की संख्या	एजेंसियों की संख्या	मंजूर की गई राशि	रिलीज की गई राशि
1.	ढेंकानाल	64	46	148.37	120.28
2.	भुवनेश्वर	5	5	10.62	5.78
3.	पुरी	23	21	66.54	39.64
4.	कटक	6	5	23.06	11.12
5.	बालासोर	2	2	0.72	0.00
6.	गंजम	3	2	18.52	7.39
7.	क्योंझर	1	1	6.70	3.50
8.	कोरापुट	3	2	6.56	1.41
9.	मयूरभंज	1	1	1.01	0.53
10.	फूलबनी	2	2	26.16	6.50
11.	संभलपुर	5	5	10.10	4.47
12.	अंगुल	1	1	2.31	1.14
13.	नवरंगपुर	1	1	0.65	0.65
	कुल :	117	94	321.32	202.91